दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

SJT

वर्ष-13, अंक-313 मंगलवार 12 नवम्बर, 2024, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes

# मूलचंद शर्मा बनाए गए दूसरे दिन यूथ फेस्टिवल के मुख्यातिथि

## तकनीकी परिवर्तन समय की मांग : देवेन्द्र गुप्ता



बल्लबगढ़, 11 नवंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोडा। अग्रवाल कॉलेज में 10 से 12 नवंबर तक चलने वाले क्षेत्रीय युवा महोत्सव (जोनल यूथ फेस्टिवल) के दूसरे दिन के प्रातः उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मूलचंद शर्मा ( विधानसभा सदस्य बल्लबगढ़) और सम्मानित अतिथि राजवीर गिरधर (निदेशक मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल) एवं रविंद्र गर्ग (प्रबंध निदेशक यूनिक ऑटो रबर उद्योग) एवं सांयकालीन सत्र में मुख्य अतिथि विजय जिंदल (निदेशक एस.पी.एल इंडस्टरीज लिमिटेड फरीदाबाद) सम्मानित अतिथि

प्रो जयवीर सिंह धनखड़ (इतिहास विभाग अध्यक्ष,एम.डी.यू रोहतक) एवं सुमित मुखर्जी (निदेशक पब्लिक रिलेशन एम.डी.यू रोहतक) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि मूलचंद शर्मा ने अपने संबोधन में अग्रवाल कॉलेज को इस भव्य आयोजन करने पर बधाई देते हुए कहा कि युवाओं को अलग-अलग क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने और मंच पर आने के संकोच को हटाने का माध्यम एवं सुअवसर है। उन्होंने प्रथम दिन के विजेता प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। सम्मानित अतिथि राजवीर गिरधर ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास एवं वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए सभी प्रतिभागियों को उनके प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं भी दी। सम्मानित अतिथि रविंद्र गर्ग ने अग्रवाल कॉलेज प्रबंधन समिति को सफल आयोजन की बधाई देते हुए चाहे व्यवसाय हो या नौकरी युवाओं के लिए अति आवश्यक है कि वे प्रत्येक क्षेत्र में ज्ञान अर्जन करें और सहभागिता करें।

कार्यक्रम अध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बदलते समय के अनुसार जो तकनीकी परिवर्तन हो रहे हैं वे समय की मांग है और अग्रवाल कॉलेज इसे पूरी तरह से अपना रहा है और साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों का भी पूरा ध्यान रखता है।

अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल और कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजीव कुमार गुप्ता ने कहा अग्रवाल कॉलेज शैक्षिक स्तर पर, खेल स्तर पर और विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता करता है और स्थान भी प्राप्त करता है।

दूसरे दिन के उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों द्वारा अनेक प्रकार की प्रस्तुतियों का बेहतरीन और उत्साहपूर्ण प्रदर्शन सफलतापूर्वक किया गया। तत्पश्चात सायंकालीन सत्र के मुख्य अतिथि विजय जिंदल (निदेशक एस.पी.एल इंडस्टरीज लिमिटेड फरीदाबाद) ने तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव की भव्यता की प्रशंसा करते हुए कहा कि सफलता के लिए दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति के साथ साथ मजबूत प्रबंध भी जरूरी है।



# मेरा फरीदाबाद

फरीदाबाद, मंगलवार, 12 नवम्बर 2024

www.nationalpraharinews.com

नेशनल प्रहरी दैनिक

# कालेज बच्चों को मंच देकर उनकी प्रतिभा निखारने का कर रहा है बहतरीन कार्य: मूलचंद शर्मा

## अग्रवाल कॉलेज शिक्षा क्षेत्र में बदलते समय और तकनीकी परिवर्तन के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों का भी रखता है पूरा ध्यान : देवेंद्र कुमार गुप्ता

नेशनल प्रहरी/रघुवीर सिंह

फरीदाबाद, 11 नवम्बर।



फरीदाबाद केसरी

Kesari, Delhi 12 नवंबर 2024, मंगलवार

# यूथ फेस्टिवल में दूसरे दिन पहुंचे मूलचंद शर्मा

- अग्रवाल कॉलेज में आयोजित किए जा रहे फेस्टिवल में छह स्टेज पर 18 इवेंट




बल्लभगढ़, नितिन बंसल,(पंजाब केसरी): महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के फरीदाबाद - झज्जर जोन का जोनल यूथ फेस्टिवल सोमवार को दूसरा दिन था। बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में आयोजित किए जा रहे इस फेस्टिवल में दूसरे दिन छह स्टेज पर 18 इवेंट हुए। दूसरे दिन हरियाणवी सोलो डांस की धूम रही। मेल व फीमेल डांस में छात्रों ने अपना दम दिखाया।

मुख्य स्टेज पर हिंदी नाटकों के माध्यम से गंभीर संदेश दिए गए। फेस्टिवल में सुबह के सत्र में क्षेत्र के विधायक मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्रों को बधाई दी। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता व प्रिंसिपल डॉ संजीव गुप्ता ने उनका स्वागत किया।

दूसरे दिन अलग - अलग छह स्टेज पर कुल 18 इवेंट हुए। मुख्य स्टेज पर हरियाणवी डांस सोलो मेल व फीमेल में छात्रों ने हरियाणवी गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। दर्शकों ने डांस का खूब लुत्फ उठाया। वहीं, हिंदी नाटक का आयोजन हुआ, जिसमें बलि प्रथा, महिला शोषण पर आधारित नाटक हुए। होस्ट कॉलेज ने कोर्ट रूम ड्रामा प्रस्तुत किया। इसके साथ ही मिमिक्री में छात्र - छात्राओं ने अलग - अलग मशीनों, पशु - पक्षियों व अभिनेताओं की आवाज निकाल कर सभी को अचंभित किया। दूसरे स्टेज पर ग्रुप सॉन्ग जनरल इंडियन हुआ। इसके साथ ही हरियाणवी आर्केस्ट्रा में छात्रों ने हरियाणा के लोक गीतों की धुनों पर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। तीसरे स्टेज पर वेस्टर्न ग्रुप व सोलो सॉन्ग, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट चौथे स्टेज पर हरियाणवी कविता पाठ, हिंदी डिबेट व भाषण, पांचवें स्टेज पर पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, कोलाज और छठे स्टेज पर पंजाबी कविता पाठ व इंग्लिश डिबेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि मूलचंद शर्मा ने सभी छात्र - छात्राओं को उनकी प्रतियोगिताओं के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में हार जीत चलती रहती है, इसलिए छात्रों को मायूस न होकर इन प्रतियोगिताओं से सीख लेकर आगे और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित होना चाहिए। जोनल यूथ फेस्टिवल की आयोजन सचिव डॉ० सुप्रिया ढांडा ने बताया कि मंगलवार को तीन दिवसीय फेस्टिवल का समापन होगा और अंतिम दिन 500 से अधिक छात्र फेस्टिवल में हिस्सा लेंगे।

## आज होंगे पांच इवेंट

फेस्टिवल के पहले व दूसरे दिन छह – छह स्टेज एक्टिव रही, लेकिन अंतिम दिन इवेंट्स कम होने के कारण केवल तीन ही स्टेज एक्टिव रहेंगी। मुख्य स्टेज पर कव्वाली व हरियाणवी ग्रुप डांस इवेंट होगा। हरियाणा ग्रुप डांस इवेंट काफी महत्वपूर्ण होता है और इसमें हरियाणवी लोक गीतों पर छात्रों को अपनी प्रस्तुति हैं। दूसरे स्टेज पर हरियाणवी ग्रुप सॉन्ग इवेंट आयोजित किए जाएंगे। वहीं, एक स्टेज पर फोटोग्राफी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# फेस्ट में हरियाणवी सोलो डांस की धूम

## जोनल यूथ फेस्टिवल : छह स्टेज पर 18 इवेंट, महिला शोषण के खिलाफ उठी आवाज



■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

जोनल यूथ फेस्टिवल के दूसरे दिन सोमवार को बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में छह स्टेज पर 18 इवेंट हुए। दूसरे दिन हरियाणवी सोलो डांस की धूम रही। मेल व फीमेल डांस में छात्रों ने अपना दम दिखाया। मुख्य स्टेज पर हिंदी नाटकों के माध्यम से सकारात्मक संदेश दिए गए। फेस्टिवल में सुबह के सत्र में क्षेत्र के विधायक मूलचंद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागी छात्रों को बधाई दी।

दूसरे दिन अलग-अलग छह स्टेज पर कुल 18 इवेंट हुए। मुख्य स्टेज पर हरियाणवी डांस सोलो मेल व फीमेल में छात्रों ने हरियाणवी गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। दर्शकों ने डांस का खूब लुत्फ उठाया। वहीं, हिंदी नाटक का आयोजन हुआ, जिसमें बलि प्रथा, महिला शोषण पर आधारित नाटक हुए। होस्ट कॉलेज ने कोर्ट रूम ड्रामा प्रस्तुत किया। इसके साथ ही मिमिक्री में छात्र-छात्राओं ने अलग-अलग मशीनों, पशु-पक्षियों व अभिनेताओं की आवाज निकाल कर सभी को अचंभित कर दिया। दूसरे स्टेज पर ग्रुप सॉन्ग जनरल इंडियन हुआ। उसके साथ ही हरियाणवी ऑर्केस्ट्रा में छात्रों ने हरियाणा के लोक गीतों की धुनों पर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। तीसरे स्टेज पर वेस्टर्न ग्रुप व सोलो सॉन्ग की प्रतियोगिता हुई।






सेक्टर-2 स्थित अग्रवाल कॉलेज में चल रहा है आयोजन

### आज होंगे पांच इवेंट

फेस्टिवल के पहले व दूसरे दिन छह - छह स्टेज एक्टिव रहीं, लेकिन अंतिम दिन इवेंट्स कम होने के कारण केवल तीन ही स्टेज एक्टिव रहेंगी। मुख्य स्टेज पर कव्वाली व हरियाणवी ग्रुप डांस इवेंट होगा। हरियाणा ग्रुप डांस इवेंट काफी महत्वपूर्ण होता है और इसमें हरियाणवी लोक गीतों पर छात्रों की अपनी प्रस्तुति हैं। दूसरे स्टेज पर हरियाणवी ग्रुप सॉन्ग इवेंट आयोजित किए जाएंगे।

### स्टूडेंट दिखा रहे प्रतिभा

- यूथ फेस्टिवल के दूसरे दिन छात्राओं ने नाटक से सकारात्मक संदेश दिया
- मेल व फीमेल सोलो डांस में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम
- छठे स्टेज पर पंजाबी कविता पाठ व इंग्लिश डिबेट का आयोजन



### हार-जीत का डर निकाल बेहतर परफॉर्मेंस दें बच्चे : मूलचंद

इस मौके पर मुख्य अतिथि मूलचंद शर्मा ने सभी छात्रों को उनकी प्रतियोगिताओं के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजनों से छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में हार जीत चलती रहती है, इसलिए छात्रों को मायूस न होकर इन प्रतियोगिताओं से सीख लेकर आगे और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित होना चाहिए। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि दूसरे दिन लगभग छह सौ छात्र प्रतिभागियों ने अलग-अलग मंचों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं। मंगलवार को तीन दिवसीय फेस्टिवल का समापन होगा और अंतिम दिन 500 से अधिक छात्र फेस्टिवल में हिस्सा लेंगे।

epaper
हिन्दुस्तान

Share Copy url Save Font Size D'load Image Image Text Listen

## जोनल युवा महोत्सव के दूसरे दिन छह मंचों पर 18 इवेंट में विद्यार्थियों ने भाग लिया

# छात्र-छात्राओं ने अभिनेताओं की मिमिक्री कर दर्शकों को गुदगुदाया

**उत्साह**

**फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता।** फरीदाबाद-झज्जर जोन के जोनल युवा महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को छह मंचों पर 18 इवेंट कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिमिक्री में छात्रों ने बॉलीवुड अभिनेताओं की आवाज निकालकर सभी को स्तब्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न मशीनों, पशु -पक्षियों और अभिनेताओं की आवाज निकाली।

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की ओर से बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में युवा महोत्सव कराया जाएगा। दूसरे दिन हरियाणवी एकल नृत्य की धूम रही। इसमें छात्र एवं छात्राओं दोनों ने अपना दम दिखाया। वहीं मुख्य मंच पर हिंदी नाटकों के माध्यम से गंभीर संदेश दिए गए।

मुख्य मंच पर हरियाणवी एकल नृत्य ने हरियाणवी गीतों पर जमकर ठुमके लगाए। दर्शकों ने डांस का खूब लुत्फ उठाया। वहीं हिंदी नाटक का आयोजन हुआ, जिसमें बलि प्रथा, महिला शोषण पर आधारित नाटक हुए। होस्ट कॉलेज ने कोर्ट रूम ड्रामा प्रस्तुत किया।

**पशु-पक्षियों की अवाज निकाली:** मिमिक्री में छात्रों ने बॉलीवुड अभिनेताओं की आवाज निकालकर सभी को स्तब्ध कर दिया। मिमिक्री में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न मशीनों, पशु - पक्षियों व अभिनेताओं की आवाज निकाली। इसका दर्शकों ने भूरपूर आनंद लिया। दूसरे मंच पर समूह गान जनरल इंडियन हुआ। उसके साथ ही हरियाणवी ऑर्किस्ट्रा में छात्रों ने हरियाणा के लोक गीतों की धुनों पर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।




बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल कॉलेज में युवा महोत्सव में सोमवार को छात्राओं ने हरियाणवी आरकेस्ट्रा प्रस्तुत किया। • हिन्दुस्तान

### टीम तैयार कर रहे

युवा महोत्सव में कई ऐसे अध्यापक भी आए थे, जो कभी युवा महोत्सव में हिस्सा लेते थे और स्थान प्राप्त करके गौरव बढ़ाते थे। अब वह छात्र कलाकार ही इन युवा छात्र-छात्राओं के साथ अपने अनुभव सांझा करते हैं और युवा महोत्सव के लिए टीम तैयार करते हैं। ऐसे में माना जाता है समय के साथ किरदार भी बदल गए।

### छात्र बोले: योग्यता को पहचानने का अवसर मिला

युवा महोत्सव में हमारे अभिनय को एक मंच प्रदान करता है। बहुत ही भव्य आयोजन किया गया है। अवधी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया है। ऐसे बड़े महोत्सव में प्रस्तुति देकर बहुत खुशी मिलती है। साथ ही हमे अपने अंदर छुपी हुई कला को जानने का मौका मिलता है।

–सपना, छात्रा, डीएवी कॉलेज

युवा महोत्सव में हिस्सा लेकर बहुत ही अच्छा लगा। यह झिझक को समाप्त करने का एक बड़ा मंच है। इसके अलावा छात्र को अपनी योग्यता को पहचानने मिलती है। अपने प्रस्तुति तो खास रही ही साथ ही अन्य छात्रों की प्रस्तुति भी बहुत खास रही। महोत्सव में पहुंचकर बहुत अच्छा लगा।

–काव्या, छात्रा, डीएवी कॉलेज

तीसरे मंच पर वेस्टर्न ग्रुप व एकल गाल, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट के मुकाबले कराए गए। वहीं चौथे मंच पर हरियाणवी कविता पाठ, हिंदी वाद-विवाद व भाषण, पांचवें मंच पर पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, कोलाज और छठे मंच पर पंजाबी कविता पाठ व इंग्लिश वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जोनल यूथ फेस्टिवल की आयोजन सचिव डॉ. सुप्रिया ढांडा ने बताया कि मंगलवार को तीन दिवसीय फेस्टिवल का समापन होगा और अंतिम दिन 500 से अधिक छात्र फेस्टिवल में हिस्सा लेंगे।

**आज होंगे यह इवेंट:** महोत्सव के अंतिम दिन मंगलवार को तीन मंचों पर ही कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मुख्य मंच पर कव्वाली व हरियाणवी ग्रुप नृत्य होगा। दूसरे मंच पर हरियाणवी समूह गान वहीं फोटोग्राफी व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

Stay With Connected

वर्ष : 63 अंक : 50 फरीदाबाद, वीरवार 7 नवंबर से 13 नवंबर 2024 आर. एन. आई. रजिस्टर्ड नंबर 6859/61 मूल्य 2 रुपये



मुन्नी दीपक कथूरिया
संपादक

निष्पक्ष, निर्भीक खबरों के साथ

# भारत दर्शन

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक विचार एवं समाचार पत्र

पढ़ेगा भारत, बढ़ेगा भारत!



E-mail : deepakkathuria717@gmail.com | bharat.darshan100@gmail.com, |

# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में आयोजित हुआ तीन दिवसीय युवा महोत्सव

## युवाओं को अलग-अलग क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने और संकोच को हटाने का माध्यम एवं सुअवसर है मंच : मूलचंद शर्मा

भारत दर्शन ब्यूरो
अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में 10.11.2024 से 12.11.2024 तक चलने वाले [illegible]




[illegible]

### इस तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव में 43 प्रतियोगिताओं में कुल 40 कॉलेज प्रतिभागिता करेंगे

### द्वितीय दिवस पर 38 कॉलेजों के लगभग 400 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया

[illegible]



[illegible]

# हरियाणवी लोकगीतों पर झूमे युवा

## युवा महोत्सव के दूसरे दिन 18 स्पर्धाओं में 700 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

संवाद न्यूज एजेंसी

फरीदाबाद। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की ओर से बल्लभगढ़ स्थित अग्रवाल महाविद्यालय में चल रहे युवा महोत्सव के दूसरे दिन 18 स्पर्धाओं में करीब 700 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

सोमवार को सुबह से शाम तक हरियाणवी सोलो डांस की धूम रही। इसमें महिला और पुरुष कलाकारों ने खूब जलवा बिखेरा। वहीं, हिंदी नाटक का आयोजन हुआ, जिसमें बलि प्रथा, महिला शोषण पर आधारित नाटक हुए। अग्रवाल महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कोर्ट रूम ड्रामा प्रस्तुत किया। इसके साथ ही मिमिक्री में विद्यार्थियों ने पशु-पक्षियों के अलावा अभिनेताओं की आवाज निकाल वहां मौजूद लोगों को खूब हंसाया। स्टेज नंबर दो पर समूह गान प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने हरियाणा के लोक गीतों की धुनों पर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

स्टेज नंबर तीन पर वेस्टर्न ग्रुप व सोलो सॉन्ग, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट प्रस्तुत किए गए। स्टेज नंबर चार पर हरियाणवी कविता पाठ, हिंदी डिबेट, भाषण, स्टेज नंबर पांच पर पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट सहित कोलाज प्रतियोगिताएं हुईं। स्टेज नंबर छह पर पंजाबी कविता पाठ और अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। स्टेज नंबर एक पर हिंदी नाटक के माध्यम से बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ, भ्रूण हत्या सहित कई अन्य संदेश दिए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मूलचंद शर्मा मौजूद रहे। इनके अलावा अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, महासचिव दिनेश गुप्ता और प्राचार्य डॉ संजीव गुप्ता मौजूद रहे। युवा महोत्सव के पहले और दूसरे दिन छह स्टेज पर 28 कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रतियोगिता के अंतिम दिन स्पर्धाएं कम होने के कारण केवल तीन स्टेज पर ही प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। क्षेत्रीय युवा महोत्सव की आयोजक सचिव डॉ. सुप्रिया ढांडा ने बताया स्पर्धा के अंतिम दिन स्टेज एक पर कव्वाली और हरियाणवी ग्रुप डांस के मुकाबले होंगे।



क्षेत्रीय युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते प्रतिभागी। संवाद

### हरियाणवी रंग में विरासत बचाने का पढ़ाया पाठ


फरीदाबाद। क्षेत्रीय युवा महोत्सव में हरियाणवी विरासत बचाने की होड़ रही। स्टेज नंबर एक पर अधिकतर कलाकार रंग बिरंगे गोटे व मोतियों में नजर आ रहे थे। वे प्रदेश के पारंपरिक आभूषण जिनमें बोरला, कर्णफूल, पैंडल पहनकर पहुंचे, जो हर किसी को आकर्षित कर रहे थे। वहीं, युवाओं ने नाटक व अन्य प्रस्तुति के माध्यम से हरियाणा की धरोहर और विरासत का परिचय करवाया। ग्रामीण परिवेश को जीवंत रखने के लिए कलाकारों ने लोक नृत्य व लोक गीत प्रस्तुत किए। वहीं, हरियाणवी लोक कला जिसे सांग कहते हैं, उसे भी कलाकारों ने प्रस्तुत किया। खेड़ी गुजरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार का कहना है कि हरियाणवी संस्कृति को जोड़ने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए। इससे युवाओं को अपनी संस्कृति का पता चलता है।



युवा महोत्सव में हिस्सा लेने से व्यक्तित्व निखरता है। इस प्रकार की स्पर्धाएं होती रहनी चाहिए। इससे विद्यार्थी अपने स्तर पर तैयारी करते हैं। जिससे उनका प्रदर्शन बेहतर हो सके। मुस्कान, बहादुरगढ़



कलाकार के लिए इससे बेहतर मौका और कोई नहीं हो सकता। स्टेज पर किसी भी कार्यक्रम को प्रस्तुत करना किसी चुनौती से कम नहीं होता है। अगर बेहतर प्रदर्शन होता है तो वहां मौजूद लोग उत्साह बढ़ाते हैं। इससे नई चीजें सीखने का मौका मिलता है। -मिलन, खेड़ी गुजरान महाविद्यालय



हजारों लोगों के सामने प्रस्तुति देने से मनोबल बढ़ता है। इससे कलाकार को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। स्टेज प्रोग्राम के दौरान अगर कोई गलती होती है, उसे सुधारने का प्रयास किया जाता है। -जिया, डीएवी महाविद्यालय



भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही हूं। रोजाना घंटों अभ्यास किया है। अभ्यास करने से आत्मविश्वास बढ़ता है और प्रस्तुति अच्छी होती है। -प्रीति, पलवल

जनतंत्र टुडे




UNCATEGORIZED

# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में युवा महोत्सव के दूसरे दिन भी युवाओ ने किया हुनर का प्रदर्शन

अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में युवा महोत्सव के दूसरे दिन भी युवाओ ने किया हुनर का प्रदर्शन

1 min ago Jantantratoday

फरीदाबाद, जनतंत्र टुडे / अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में चल रहे क्षेत्रीय युवा महोत्सव (जोनल यूथ फेस्टिवल) का आयोजन श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ( अध्यक्ष अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़,गवर्निंग बॉडी )एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता ( महासचिव अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ गवर्निंग बॉडी) एवं डॉ संजीव कुमार गुप्ता (प्रिंसिपल अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़) के कुशल मार्गदर्शन में एवं स्टूडेंट वेलफेयर (महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक) के प्रायोजन से हुआ। युवाओं की कलात्मक प्रतिभा एवं अपनी संस्कृति के प्रति लगाव को दर्शाने के उद्देश्य से आयोजित इस तीन दिवसीय युवा महोत्सव की 43 प्रतियोगिताओं में कुल 40 कॉलेज प्रतिभागिता करेंगे। द्वितीय दिवस पर 38 कॉलेजो के लगभग 400 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

क्षेत्रीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन के प्रातः उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मूलचंद शर्मा विधायक बल्लबगढ़ और सम्मानित अतिथि श्री राजवीर गिरधर (निदेशक मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल) एवं श्री रविंद्र गर्ग (प्रबंध निदेशक यूनिक ऑटो रबर उद्योग) एवं सांयकालीन सत्र में मुख्य अतिथि श्री विजय जिंदल (निदेशक एस.पी.एल इंडस्टरीज लिमिटेड फरीदाबाद) सम्मानित अतिथि प्रो जयवीर सिंह धनखड़ (इतिहास विभाग अध्यक्ष,एम.डी.यू रोहतक) एवं श्री सुमित मुखर्जी (निदेशक पब्लिक रिलेशन एम.डी.यू रोहतक) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री मूलचंद शर्मा ने अपने संबोधन में अग्रवाल कॉलेज को इस भव्य आयोजन करने पर बधाई देते हुए कहा कि युवाओं को अलग-अलग क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने और मंच पर आने के संकोच को हटाने का माध्यम एवं सुअवसर है। उन्होंने प्रथम दिन के विजेता प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। सम्मानित अतिथि श्री राजवीर गिरधर ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास एवं वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए सभी प्रतिभागियों को उनके प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं भी दी। सम्मानित अतिथि श्री रविंद्र गर्ग ने अग्रवाल कॉलेज प्रबंधन समिति को सफल आयोजन की बधाई देते हुए चाहे व्यवसाय हो या नौकरी युवाओं के लिए अति आवश्यक है कि वे प्रत्येक क्षेत्र में ज्ञान अर्जन करें और सहभागिता करें।

कार्यक्रम अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बदलते समय के अनुसार जो तकनीकी परिवर्तन हो रहे हैं वे समय की मांग है और अग्रवाल कॉलेज इसे पूरी तरह से अपना रहा है और साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों का भी पूरा ध्यान रखता है। अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल और कार्यक्रम के संयोजक डॉ संजीव कुमार गुप्ता ने कहा अग्रवाल कॉलेज शैक्षिक स्तर पर, खेल स्तर पर और विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता करता है और स्थान भी प्राप्त करता है। दूसरे दिन के उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों द्वारा अनेक प्रकार की प्रस्तुतियों का बेहतरीन और उत्साहपूर्ण प्रदर्शन सफलतापूर्वक किया गया। तत्पश्चात सायंकालीन सत्र के मुख्य अतिथि श्री विजय जिंदल (निदेशक एस.पी.एल इंडस्टरीज लिमिटेड फरीदाबाद) ने तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव की भव्यता की प्रशंसा करते हुए कहा कि सफलता के लिए दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति के साथ साथ मजबूत प्रबंध भी जरूरी है और ये सब अग्रवाल कॉलेज में विशेष रुप से देखने को मिलता है। उन्होंने प्रथम दिन के सफल संयोजन और विजेता प्रतिभागियों की सराहना भी की। सम्मानित अतिथि प्रोफेसर जगदीश सिंह धनखड़ (इतिहास विभाग अध्यक्ष एमडीयू रोहतक) ने भी अग्रवाल कॉलेज की समस्त प्रबंध समिति के कुशल प्रबंध की तारीफ करते हुए प्रतिभागियों को उनके सार्थक प्रदर्शन के लिए बधाई दी। सम्मानित अतिथि श्री सुमित मुखर्जी (निदेशक पब्लिक रिलेशन,एम.डी.यू रोहतक) ने भी सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए अग्रवाल कॉलेज को आयोजन की बधाई देते हुए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो प्रतिभागी यदि जीत नहीं पाते हैं तो उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है इतनी बड़ी प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करना ही बड़ा महत्वपूर्ण है। द्वितीय दिवस पर विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने एकल नृत्य, वन एक्ट प्ले हिंदी मिमिक्री, सामूहिक नृत्य, सामूहिक गायन, आर्केस्ट्रा, हरियाणवी और पंजाबी कविता पाठ, पोस्टर मेकिंग,हिंदी भाषण, हिंदी नाटक, हिंदी और इंग्लिश वाद विवाद, कोलाज मेकिंग, बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट, मेहंदी सहित कई प्रतियोगिताओ में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

क्षेत्रीय युवा महोत्सव के प्रथम दिन की प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे। ग्रुप डांस जनरल में के.एल मेहता कॉलेज फॉर वूमेन फरीदाबाद ने प्रथम ,अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने द्वितीय तथा डी.ए.वी कॉलेज फरीदाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय नृत्य एकल में डी.ए.वी सेंटेनरी कॉलेज फरीदाबाद ने प्रथम, अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने द्वितीय तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी फरीदाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी स्किट में अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने प्रथम, जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल ने द्वितीय तथा के.एल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमेन फरीदाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। माता-पिता/अध्यापकों/सैनिकों के लिए गायन में के.एल मेहता कॉलेज फॉर वूमेन फरीदाबाद ने प्रथम, अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने द्वितीय तथा जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वन एक्ट प्ले संस्कृत में पं. जे.एल.एन गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद ने प्रथम, अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने द्वितीय, के.एल मेहता कॉलेज फॉर वूमेन, फरीदाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गजल/ गीत/ भजन के गायन में जेएलएन राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद ने प्रथम, केएल मेहता दयानंद महिला महाविद्यालय फरीदाबाद ने द्वितीय तथा सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

शास्त्रीय संगीत में पं. जेएलएन राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद ने प्रथम, अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने द्वितीय तथा राजकीय पीजी नेहरु कॉलेज झज्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी काव्य
पाठ प्रतियोगिता में जीसीडब्ल्यू फरीदाबाद ने प्रथम, डीएवी कॉलेज फरीदाबाद ने द्वितीय तथा डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय पीजी कॉलेज पलवल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी काव्य पाठ प्रतियोगिता में गवर्नमेंट पीजी नेहरु कॉलेज झज्जर ने प्रथम, गवर्नमेंट कॉलेज फॉर गर्ल्स नचौली फरीदाबाद ने द्वितीय तथा केएल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर महिला फरीदाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डीएवी कॉलेज फरीदाबाद ने प्रथम, अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने द्वितीय तथा एसआईएएसटीई झज्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्ले मॉडलिंग में केएल मेहता कॉलेज फॉर वूमेन, फरीदाबाद ने प्रथम, जीसीडब्ल्यू फरीदाबाद ने द्वितीय तथा अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ और एसएस पीजी गवर्नमेंट कॉलेज तिगांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्टूनिंग में एसएस पीजी गवर्नमेंट कॉलेज ने प्रथम, केएल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमेन ने द्वितीय तथा श्रीमती सुषमा स्वराज जीसीजी बल्लबगढ़ और पंडित जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत भाषण में जीसीडब्ल्यू वूमेन फरीदाबाद ने प्रथम, के.एल मेहता कॉलेज फॉर वूमेन, फरीदाबाद ने द्वितीय तथा अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत श्लोक उच्चारण में डीएवी कॉलेज फरीदाबाद ने प्रथम, केएल मेहता कॉलेज फॉर वूमेन, फरीदाबाद ने द्वितीय तथा पंडित जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद और अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उर्दू काव्य पाठ में गवर्नमेंट पीजी नेहरु कॉलेज झज्जर ने प्रथम, सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल ने द्वितीय, डॉ. बीआर अंबेडकर गवर्नमेंट कॉलेज पलवल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम की संगठन सचिव डॉ सुप्रिया ढांडा के कुशल प्रबंधन में और अग्रवाल कॉलेज की समस्त प्रबंध समितियों के सहयोग से तीन दिवसीय क्षेत्रीय युवा महोत्सव का दूसरा दिन अनेक प्रतियोगिताओं के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।